provement of state power utilities by encouraging reforms.

World Bank Assistance to National Hydro Power Project in Orissa

3159. SHRI RAHASBIHARI BARIK: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) the details of the projects to be taken up in Orissa under the National Hydrology Project Programme proposed to be taken up with the assistance of World Bank; and

(b) the target for completion of the projects?

THE MINISTER OF POWER (SHRI R. KUMARAMANGALAM): (a) and (b) According to the information furnished by the State Government there is no proposal to pose any project for assistance from the World Bank under the National Hydrology Project Programme.

जवाहर रोजगार योजना और नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार

3160. **श्री रामजीलाल:** क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों की बेरोजगारी दूर करने के लिये जवाहर रोजगार योजना और नेहरू रोजगार योजना शुरू की थी;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को रोजगार मिला है और उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को यह भी जानकारी है कि इन योजनाओं के लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों को नहीं पहुंच रहे हैं और उन्हें ठेकेदारों द्वारा फर्जी नामों से लिया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त प्रथा को रोकने और साथ-ही-पात्र मामलों में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये क्या कदम उठाए गए हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटिल): (क) ग्रामीण क्षेत्रों में जवाहर रोजगार योजना ग्रामीण गरीबों को मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कार्यान्वित की जाती है। जबकि शहरी क्षेत्रों में नेहरू रोजगार योजना कार्यान्वित की जाती है।

(ख) जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार की सृजित श्रमदिनों के रूप में निगरानी की जाती है। विगत दो वर्षों के राज्यवार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) समवर्ती मूल्यांकन के दूसरे दौर (जून, 1993 मई, 1994) से यह पता चला है कि अखिल भारतीय स्तर पर ठेकेदारों के माध्यम से केवल 2.02% कार्य किए गए थे। राज्य सरकारें समय-समय पर इस बात पर बल देती रही हैं कि जवाहर रोजगार योजना के दिशा-निर्देशों, जिसमें ठेकेदारों को शामिल करने की मनाही है का सख्ती से अनुपालन किया जाये।

विवरण

क्र०सं०	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	लाख श्रमदिन			
		1996-97		1997-98	
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि
1.	आंध्र परदेश	373.67	329.75	336.97	310.98
2.	अरूणाचल प्रदेश	4.42	2.79	4.94	2.88
3.	असम	98.77	91.54	110.36	107.69
4.	बिहार	489.25	460.02	546.64	533.04
5.	गोआ	4.39	5.30	3.32	2.55
6.	गुजरात	109.14	105.20	69.00	82.81